महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY
NAACA++ Accredited: ISO 9001:2015 & 14001:2015 Certified

पत्रांकः—रू.वि.वि. / वि.सां.के.केन्द्र / 2025 / 01 दिनांक 10 जुलाई, 2025

सेवा में,

1. समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय परिसर, बरेली।
2. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक / प्रबन्धक / सचिव
   समस्त सम्बद्ध—राजकीय / संघटक / अनुदानित / स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,
   महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।
3. प्राचार्य, पण्डित दीनानाथ मिश्र इण्टर कॉलेज, बरेली।
4. प्राचार्य, दिशा स्कूल, मुड़िया अहमदनगर बरेली।

विषयः संस्कृत प्रतिभा खोज 2025 के अन्तर्गत आयोजित होने वाली प्रतियोगिता की सूचना प्रसारित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ के पत्रांक 220 / संसं / 25 दिनांक 26.06.2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। भाषा विभाग, उत्तर प्रदेश के अधीन उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ द्वारा कक्षा 6 से परास्नातक स्तर तक के छात्र—छात्राओं के लिए संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा हैं। आपके संकाय / विभाग / संस्थान के इच्छुक विद्यार्थी https://upsanskritpratibhakhoj.com पर निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकते है जिसकी आवेदन तिथि 1 जुलाई 2025 से 2 अगस्त 2025 है। शेष समस्त सूचनाएं एवं विस्तृत विवरण संस्थान की वेबसाईट https://upsanskritpratibhakhoj.com पर उपलब्ध है। आपसे अनुरोध है कि अपने संकाय / विभाग / संस्थान में छात्र—छात्राओं को सूचित कर अधिकाधिक विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करें।

**संलग्नकः उक्तवत्** भवदीय

10/7/25

(डॉ0 ज्योति पाण्डेय)
समन्वयक, विश्वविद्यालय सांस्कृतिक केन्द्र

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित—

1. निजी सचिव, कुलपति को मा. कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. कुलसचिव।
3. मीडिया प्रभारी।
4. बेवसाइट प्रभारी को वेबसाइड पर अपलोड करने हेतु।

(डॉ0 ज्योति पाण्डेय)
समन्वयक, विश्वविद्यालय सांस्कृतिक केन्द्र

**अत्यन्त महत्वपूर्ण/ई – मेल/तत्काल**

प्रेषक,

शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
शिक्षा डिग्री विकास अनुभाग,
प्रयागराज।

सेवा में,

1. **समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश।**
2. **कुलसचिव, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश।**

पत्रांक:- डिग्री विकास/ 1049 /2025-26 दिनांक – 04/ 07/2025

**विषय – संस्कृत प्रतिभा खोज 2025 के अन्तर्गत आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं की सूचना प्रसारित किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक इस पत्र के साथ संलग्न निदेशक, उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, नया हैदराबाद, लखनऊ के पत्र संख्या 220/संसं/25 दिनांक 23.06.2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो संस्कृत प्रतिभा खोज 2025 के अन्तर्गत आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं की सूचना प्रसारित किये जाने के सम्बन्ध में है।

आप सभी से अपेक्षा की जाती है कि संलग्न पत्र में दिये गये निर्देशों के अनुरूप आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें एवं कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

**संलग्नक – यथोक्त।**

भवदीय,

**डॉ0 (अजीत कुमार सिंह)**
सहायक शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
कृते शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

पृष्ठांकन संख्या – डिग्री विकास/ 1049-51 /उसी तिथि को।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग – 9, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2. अपर सचिव, उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद्, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उक्त से प्रदेश के समस्त निजी विश्वविद्यालयों को अपने स्तर से अवगत कराना सुनिश्चित करें।

**डॉ0 (अजीत कुमार सिंह)**
सहायक शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
कृते शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

Dr. Jyoti Pandey

कुलसचिव

कार्या फोन : (0522). 2780251, 2781352
ई–मेल : upsanskritsansthanam@yahoo.com

# उत्तर–प्रदेश–संस्कृत–संस्थानम्

(भाषा विभाग, उ.प्र. शासन के नियंत्रणाधीन)
संस्कृत–भवनम्, नया हैदराबाद, लखनऊ – 226 007
वेबसाइट : www.upsanskritsansthanam.in

M1

पत्रांक 220/संसं/25
दिनाङ्क 23/06/2025

7

**प्रेषक,**

निदेशक,
उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान
नया हैदराबाद, लखनऊ।

**सेवा में,**

निदेशक,
उच्च शिक्षा निदेशालय,
सरोजनी नायडु मार्ग, प्रयागराज - 211001
उत्तर प्रदेश।

विषयः- संस्कृत प्रतिभा खोज 2025 के अन्तर्गत आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं की सूचना प्रसारित कराने के सम्बन्ध में।

**महोदय,**

भाषा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के अधीन उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ द्वारा कक्षा 6 से स्नातकोत्तर स्तर तक के छात्र-छात्राओं हेतु संस्कृत प्रतिभा खोज 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के अंतर्गत प्रदेश के समस्त बोर्डों एवं राज्य/निजी विश्वविद्यालयों के इच्छुक छात्र https://upsanskritpratibhakhoj.com पर निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

संस्कृत प्रतिभा खोज के अंतर्गत निम्नानुसार प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रस्तावित है:

## मंडल स्तरीय प्रतियोगिताएँ

➡ सभी विद्याशाखाओं के स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के छात्र-छात्राओं के लिए **संस्कृत सामान्य ज्ञान (युवा वर्ग)** प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

➡ प्रतिभागी छात्रों एवं उनके साथ आने वाले अभिभावकों/शिक्षकों को नियमानुसार मार्गव्यय प्रदान किया जाएगा।

➡ प्रतियोगिता में **प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान** प्राप्त करने वाले छात्रों को क्रमशः ₹3000/-, ₹2000/-, ₹1000/- की पुरस्कार राशि एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएँगे।

➡ मंडल स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

(3)

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएँ (लखनऊ में)

➡ राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों के लिए निम्नलिखित प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँगी:

1. संस्कृत भाषण प्रतियोगिता 2. संस्कृत श्रुतलेखन प्रतियोगिता 3. संस्कृत सामान्य ज्ञान (युवा वर्ग)

➡ प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु छात्रों के साथ आने वाले अभिभावक/शिक्षक को टिकट प्रस्तुत करने पर साधारण बस या ट्रेन शयनयान का मार्गव्यय प्रदान किया जाएगा।

➡ राज्य स्तर पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा तीन सांत्वना पुरस्कार निर्धारित हैं, जिनकी पुरस्कार राशि निम्नानुसार होगी:

- प्रथम पुरस्कार: ₹11,000/-
- द्वितीय पुरस्कार: ₹7,000/-
- तृतीय पुरस्कार: ₹5,000/-
- तीन सांत्वना पुरस्कार: ₹3,000/- प्रत्येक

## महत्वपूर्ण तिथियाँ

- ऑनलाइन आवेदन की अवधि: 1 जुलाई 2025 से 2 अगस्त 2025 तक
- मंडल स्तरीय प्रतियोगिता: 5 अगस्त 2025 से 13 अगस्त 2025 तक
- राज्य स्तरीय प्रतियोगिता (लखनऊ): 5 नवम्बर 2025

प्रतियोगिताओं के समुचित संचालन हेतु जनपद संयोजकों की नियुक्ति की गई है तथा आयोजन हेतु विद्यालय/महाविद्यालय निर्धारित किए गए हैं। **प्रतियोगिता नियमावली, संयोजक का नाम, संपर्क विवरण, आयोजन स्थल आदि का विस्तृत विवरण संस्थान की वेबसाइट** https://upsanskritpratibhakhoj.com पर उपलब्ध है।

अतः आपसे अनुरोध है कि राज्य/निजी विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करने की कृपा करें, जिससे अधिकाधिक विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित की जा सके।

भवदीय

**संलग्नक- यथोक्त।**

(विनय श्रीवास्तव)
निदेशक

पत्रांक /सं0सं0/2025 दिनांक- जून 2025

**प्रतिलिपि:** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. विशेष सचिव, उ.प्र. शासन, शिक्षा अनुभाग-9, लखनऊ।
2. कुलसचिव, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
4. कार्यालय प्रतिलिपि हेतु।

(विनय श्रीवास्तव)
निदेशक